हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 24 जून 2024

04 नगरपालिका अध्यक्ष ने नौनिहालों को पिलाई...


08 जैन समाज की प्राचीन परंपराओं के साथ संपन्न...




## खबर संक्षेप

### टीएल बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य की अध्यक्षता में लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक आज कलेक्टेट के बेतवा सभागार में 11 बजे से शुरू होगी। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने समय सीमा बैठक (टीएल) में निर्धारित एजेंडा बिन्दुओं की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागों के जिला धिकारियों को अद्यतन जानकारियों सहित बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने ताकिद किया है।

### जिलाबदर का आरोपी घूमते हुए पकड़ा गया

**हैदरगढ।** जिलाबदर के आरोपी को हैदरगढ़ पुलिस ने ग्राम दैयरपुर से पकड़ा है। जिलाबदर के आरोपियों की चैकिंग करने के लिए थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह द्वारा टीम गठित की गई। चेकिंग में संग्राम पिता धन सिंह लोधी उम्र 40 साल निवासी ग्राम दैय्यरपुर थाना क्षेत्र में रहना पाया गया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### नशे के विरोध में जन संवाद कार्यक्रम हुआ

**ग्यारसपुर।** थाना पुलिस द्वारा नशामुक्ति अभियान के तहत बाजार में नशा विरोधी जन संवाद का आयोजन किया गया। लोगों को नशा न करने जागरूक किया गया। एसपी दीपक कुमार शुक्ला एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत चौबे पर ग्यारसपुर कस्बा में व्यापारी वर्ग व मार्केट में नशा विरोधी जन संवाद के दौरान आम जन में जागरूकता लाई गई। नशा के दुष्परिणाम, बचाव एवं जन जागरूकता के माध्यम से सुधार करने आदि के संबंध में चर्चा करते हुए सहयोग की अपेक्षा की गई ओर शपथ दिलाई गई । इस दौरान ग्यारसपुर थाना प्रभारी सीमा राय, सब इंस्पेक्टर धीरज सिंह गुर्जर, एएसआई धर्मजीत गौतम, प्रधान आरक्षक लाखन सिंह आरक्षक भूपेंद्र यादव, सोनू शर्मा, इरफान खान, इस दौरान मौजूद रहे।

### ब्लॉक में 13274 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई



**ग्यारसपुर।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्यारसपुर विकासखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र आंगनबाड़ियों में पोलियों की दवा पिलाई गई। मानोरा बस स्टैंड, बूथ क्रमांक 5 ग्यारसपुर में नैनिहलों को पोलियो ड्रॉप पिलाई। अभियान के उपरांत शाम को बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कल्वे अब्बास जैदी द्वारा समस्त 0 से 5 साल के बच्चों को दो बूंद पोलियो ड्रॉप दी गई। टीमों द्वारा घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की ड्रॉप पिलाने के निर्देश दिए। सुपरवाइजर गणेश राम विश्वकर्मा, एएनएम मामता सोनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद्मिनी सोनी, बैनी बाई दिवाकर, रजनी कुशवाहा, कृष्णा बाई प्रजापति उमा शर्मा, एवं आशा कार्यकर्ता के द्वारा दवा पिलाई गई।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

**अहमदपुर।** कस्बे के लक्ष्मी नगर में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें उनके विचारों एवं सिद्धांतों पर प्रदीप श्रीवास्तव ने प्रकाश डाला। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच योगेंद्र पवार, अहमदपुर जन विकास सेवा समिति के अध्यक्ष लखन सिंह कुशवाह, भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारी तुलसीराम लोधी एवं मोहर सिंह, रामबाबू राजपूत, देवेंद्र नामदेव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमपीपीएससी एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा निर्विघ्न रूप से संपन्न

# पहले सत्र में 457 और दूसरे में सत्र में 472 परीक्षर्थी परीक्षा देने ही नहीं आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मप्र लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2024 रविवार को शहर के 4 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की गई। सभी परीक्षा केन्द्रों का जायजा लेने नियुक्त दलों के सदस्यों द्वारा सतत भ्रमण कर जायजा लिया गया।

मप्र लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा इस परीक्षा में संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त आईएएस अशोक भार्गव ने शहर के सभी चारो परीक्षा केन्द्रों में पहुंचकर इन केन्द्रो में परीक्षार्थियों के लिए किए गए प्रबंधों तथा लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा के संबंध में जारी दिशा निर्देशो के क्रियान्वयन का जायजा लिया है। पर्यवेक्षक भार्गव के निरीक्षण भ्रमण के दौरान कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, एसडीएम क्षितिज शर्मा समेत अन्य अधिकारी साथ मौजूद रहे। पर्यवेक्षक भार्गव ने परीक्षा केन्द्र प्रभारी से बात कर परीक्षार्थियों की संख्या, अनुपस्थिति और दिव्यांग परीक्षार्थियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की।


विदिशा। परीक्षार्थियों को सैंटर पर प्रवेश कराने से पहले उनकी पूरी तरह से जांच पड़ताल की गई।

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जिले में मप्र लोक सेवा आयोग के माध्यम से आयोजित उक्त प्रारंभिक परीक्षा को सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने हेतु चारो परीक्षा केन्द्रो पर विशेष प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। डिप्टी कलेक्टर एवं परीक्षा के प्रभारी अधिकारी संतोष बिटौलिया ने बताया कि इस परीक्षा हेतु विदिशा जिला मुख्यालय के चार परीक्षा केंद्रों में 1740 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना था किन्तु प्रथम सत्र के प्रश्न पत्र में 457 व द्वितीय सत्र के प्रश्न पत्र में 472 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केन्द्र एसएटीआई कॉलेज में 240 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था किन्तु प्रथम सत्र के प्रश्न पत्र में 168 उपस्थित हुए। 72 अनुपस्थित रहे।

### कहां कितने छात्र रहे अनुपस्थित

डिप्टी कलेक्टर व परीक्षा प्रभारी संतोष बिटौलिया ने बताया कि परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/1 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकंडरी स्कूल डंडापुरा बड़ा बाजार केंद्र में 500 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 368 उपस्थित हुए व 132 अनुपस्थित रहें। जबकि द्वितीय सत्र की परीक्षा में 364 उपस्थि 136 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/2 शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 500 परीक्षार्थियों में से प्रथम सत्र में 366 उपस्थित रहें व 134 अनुपस्थित द्वितीय सत्र में 360 उपस्थित 140 अनुपस्थित तथा परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/3 सम्राट एसएटीआई कॉलेज में परीक्षा केंद्र में भी 500 परीक्षार्थियों को शामिल होना था किन्तु प्रथम प्रश्न पत्र में 381 उपस्थित तथा 119 अनुपस्थित रहें। द्वितीय सत्र में 376 उपस्थित रहें वहीं 124 अनुपस्थित रहे।

## प्राथमिक शाला करई, ढोलखेड़ी और इमलिया में अब तक नहीं पहुंची किताबें

### स्कूलों में शिक्षक मौजूद बच्चों की संख्या बहुत कम



- ढोलखेड़ी प्राथमिक शाला जैसे मतदान केंद्र भी बनाया गया लेकिन यह क्षतिग्रस्त हालत में।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

सरकारी स्कूलों में कक्षा प्रारंभ हो चुके हैं। जिला मुख्यालय के अलावा नजदीकी क्षेत्र में सरकारी स्कूलों की हालत खराब है।

ग्राम इमलिया, ग्राम ढोलखेड़ी और ग्राम करई के प्राथमिक शालाओं में शिक्षक तो मिले लेकिन विद्यार्थी अपेक्षाकृत कम थे। ग्राम ढोलखेड़ी में प्राथमिक शाला का भवन क्षतिग्रस्त है, जो कभी भी धराशायी हो सकता है। शिक्षक उस कक्षा में विद्यार्थियों को नहीं बैठा रहे हैं। शिक्षकों को कहना है कि संबंध में तीन बार विभाग को लिखित सूचना दे चुके हैं।

खास बात यह है कि इसी भवन में मतदान केंद्र भी बनाया गया था। जिसमें लोकसभा चुनाव का मतदान हुआ। उसके बावजूद इस कक्ष के हालात न तो प्रशासन को दिखाई दिए और निर्वाचन विभाग को। यहां शासन की तरफ से दी जाने वाली पुस्तकों का वितरण अब तक नहीं हो सका है। स्कूल के शिक्षकों को कहना है कि 2-4 दिन में पुस्तक आने की उम्मीद है। तब तक पुरानी पुस्तकों से ही बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। बच्चों की संख्या को लेकर भी शिक्षक परेशान है क्योंकि बच्चों की संख्या काफी कम है।

## कैडेट्स को 10 दिन दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

14 एमपी एनसीसी बटालियन द्वारा एसएटीआई एटी डिग्री कॉलेज में 10 दिवसीय एनसीसी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 से 29 जून तक किया गया है। कैम्प कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता, शौर्य चक्र के नेतृत्व में एवं कर्नल यश छिब्बर की देखरेख में आयोजित किया जा रहा है।

कैंप की शुरुआत कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र के ओपनिंग एड्रेस से हुई उन्होंने कैडेट को संबोधित करते हुए एनसीसी का मोटो एकता, अनुशासन एवं जीवन में आगे कैसे बढ़े इसकी सीख दी। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग एवं सुरक्षा करने हेतु निर्देशित किया। कैंप में एनसीसी कैडेट द्वारा गॉड ऑफ ऑनर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह को दिया गया। साथ ही ग्रुप कमांडर द्वारा कैंप का निरीक्षण कर कैंप के सभी एनसीसी ऑफिसर से परिचय किया।



विदिशा। सैकड़ों की संख्या में मौजूद कैडेट्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण।

इस कैंप में जिले के लगभग 600 एनसीसी कैडेट्स विभिन्न तरह के प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, मैप रीडिंग, योग , नेतृत्व क्षमता आदि प्राप्त कर रहे हैं। इस कैंप में थल सैनिक कैंप के लगभग 82 कैडेट जो कि भोपाल ग्रुप के हैं। प्रशिक्षण प्राप्त कर दिल्ली जाने का मार्ग तय कर रहे हैं। इस दौरान कैंप में सूबेदार मेजर हृदय रंजन, समस्त पी स्टाफ, एनसीसी अधिकारी कैप्टन रामानंद मिश्रा , लेफ्टिनेंट विनीता प्रजापति, लेफ्टिनेंट सुरेंद्र यादव, फर्स्ट ऑफिसर लखनलाल कुशवाह, सेकंड ऑफिसर रश्मि पाठक कमल किशोर, थर्ड ऑफिसर अनिल सोनी उपस्थित रहे।

## विदिशा से मानोरा तक पैदल जाएंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भगवान जगदीश स्वामी मानोरा धाम पदयात्रा 6 जुलाई शनिवार को निकाली जाएगी।

जगदीश स्वामी रथ यात्रा हेतुदीपक तिवारी मित्र मंडल द्वारा पदयात्रा 6 जुलाई शनिवार को बड़ी बजरिया जय स्तंभ पार्क से शाम 5 बजे शुरू की जाएगी। यह यात्रा 7 जुलाई की सुबह 5 बजे मनोरा पहुंगी। रविवार को बजरिया कार्यालय में हुई बैठक के अनुसार यात्रा के सहभागी दीपक तिवारी ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी



प्रदेश की सुख, समृद्धि, किसानों की भलाई तथा अच्छी वर्षा के उद्देश्य के लिए यह यात्रा निकाली जाती है। इस यात्रा का यह 11 वा वर्ष है। पदयात्रा में सैकड़ों भक्तजन संगीत की धुन पर नाचते गाते चलते हैं। बैठक में उपस्थित समस्त मित्र गणों ने अधिक से अधिक यात्रा में शामिल होने की अपील की।

इस दौरान पवन सोनी, मुकेश राठौर, कमलेश मालवीय, राजीव यादव ,रूद्रेश नामदेव, राजेश जाटव, राजकुमार कन्नू,अमित दंडोतिया, राहुल शर्मा, सुनील सेन मौजूद रहे। जगदीश स्वामी की मानोरा यात्रा के दर्शन करने के लिए शहर से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु मानोरा पहुंचते हैं।

### रात में हुई मूसलाधार बारिश


विदिशा। रविवार शाम को अचानक से तेज बारिश हुई। बिजली चमकी और बादलों की गर्जना के साथ झमाझम पानी गिरा।

### सड़क बनने पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि का माना आभार

**विदिशा।** अशोक बिहार कालोनी के लोगों ने सड़क निर्माण होने पर रविवार को वार्ड क्रमांक 28 में दुर्गा नगर चौराहे पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा का स्वागत किया। कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि हमारी कालोनी की सड़क बहुत सालों से खराब पड़ी हुई थी। नगरपालिका अध्यक्ष और पार्षद के सहयोग से यह सड़क बन गई है। इस दौरान पार्क में पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में पार्षद आयुषी संजय अग्रवाल, अजय दीक्षित, सहित कालोनी के सभी रहवासी उपस्थित रहे।

### घंटों गुल रही बिजली

**विदिशा।** बारिश होने के साथ ही शहर में बिजली की आंख मिचौनी का खेल भी चल रहा है। जैसे ही बारिश शुरू होती है बिजली गुल हो जाती है। बारिश तो कुछ देर में बंद हो जाती है। लेकिन बिजली घंटों तक नहीं आती। शहर में बिजली कंपनी की मनमानी लगातार जारी है। मोटे मोटे बिजली उपभोक्ताओं को थमाए जा रहे हैं।

## भारतीय मजदूर संघ की जिला बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भारतीय मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में हुई।

बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री राजन नायर, विशेष अतिथि महेंद्र सोनी विभाग प्रमुख एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश चौरसिया जिलाध्यक्ष ने की। प्रदेश मंत्री राजन नायर ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ की स्थापना 23 जुलाई 1955 में भोपाल में हुई। 23 जुलाई से 23 जुलाई 2025 को भारतीय मजदूर संघ अपने 70 वर्ष पूर्ण करने पर संपूर्ण भारतवर्ष में कार्य विस्तार की दृष्टि से कार्यक्रम किए जाएंगे। 70 वर्ष का उद्घाटन समारोह केंद्रीय कार्य समिति के निर्णय अनुसार 23 जुलाई को भोपाल में होगा। कार्यक्रम में संपूर्ण देश से अखिल भारतीय




पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थित रहेगी। साथ ही संपूर्ण भारतवर्ष से भारतीय मजदूर संघ के ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

सभी यूनियनों एवं महासंघों के जिला अध्यक्ष जिला मंत्री एवं जिला कोषाध्यक्ष आवश्यक रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में जिले से लगभग दो कार्यकर्ता 5 दिनों के लिये समयदानी कार्यकर्ता होंगे एवं कुछ कार्यकर्ता आवश्यकतानुसार समय देंगे। मंच का संचालन जिला मंत्री लखन सिंह जाट ने किया। अंत में सभी का आभार विधि सलाहकार रत्नेश जैन ने व्यक्त किया। इस दौरान आरपी मिश्रा,गजेंद्र पाल सिंह राजावत, राम मोहन श्रीवास्तव, अनंतसिंह, अभिषेक चौकसे, अनीता यादव, भरत सिंह जाट, सुदीप जैन, रविंद्र जैन मौजूद रहे।

## क्षत्रिय खंगार परिहार समाज की जिला समिति का गठन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को क्षत्रिय खंगार परिहार समाज की मीटिंग का आयोजन गजानन माता मंदिर विदिशा में आयोजित की गई। जिसमें क्षत्रिय खंगार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश खंगार नंना एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक मिर्धा के निर्देशानुसार समाज के विकास एवं संगठन के लिए तहसील एवं जिला समितियों के गठन हेतु रघुवीर सिंह पटवारी जिला अध्यक्ष ग्रामीण मंडल को अधिकृत किया गया था।

बैठक में मंदिर व्यवस्था एवं धर्मशाला के विकास पर भी विचार किया गया। सर्वसम्मति से तहसील इकाई के अध्यक्षों के गठन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। प्रीतम सिंह राय अध्यक्ष विदिशा तहसील, राजेश राय सरपंच अध्यक्ष बासौदा तहसील, मोहर सिंह परिहार अध्यक्ष तहसील त्योंदा, रनवीर सिंह परिहार अध्यक्ष तहसील कुरवाई, खेत सिंह खंगार अध्यक्ष तहसील नटेरन, मालम सिंह परिहार अध्यक्ष तहसील सिरोंज, दीपक सिंह परिहार अध्यक्ष तहसील लटेरी, ऋषभ परिहार अध्यक्ष तहसील शमशाबाद, घनश्याम परिहार अध्यक्ष तहसील गुलाबगंज को नियुक्त किया गया।

नव नियुक्त तहसील अध्यक्षों को प्रताप सिंह राय ने शुभकामनाएं दी। मीटिंग में प्रताप सिंह राय, प्रेम सिंह परिहार, जगन्नाथ सिंह परिहार भगत जी, ग्यारसी लाल परिहार, विष्णु प्रसाद शर्मा, प्रेम सिंह परिहार, राजेंद्र राय, बबलू परिहार, महेश परिहार, शिवा परिहार, देवी सिंह परिहार, दुर्गा प्रसाद परिहार आदि उपस्थित रहे।

## 2 दिन की बच्ची यशिका को पोलियो की दवा पिलाकर किया शुभारंभ

# जिले में 25 तक चलेगा पोलियो अभियान, 2 लाख 24 हजार 855 बच्चों को दवा पिलाने का है लक्ष्य

### आज से घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियों की दवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

रविवार को जिले में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय में विधायक मुकेश टंडन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को पोलियो विमुक्ति की दवा पिलाकर किया है।

विधायक टंडन ने सबसे पहले नीतू पत्नी अभिषेक रैकवार की दो दिन की बच्ची याशिका को पोलियो ड्राप से दवा पिलाई तथा राकेश शर्मा ने रितु राय पत्नी जितेंद्र निवासी पचमा गंजबासौदा के 1 दिन के बच्चे को, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ योगेश तिवारी ने नीलेश पत्नी लता निवासी दरगाह विदिशा के चार दिन के बच्चे को तथा जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर शिरीष रघुवंशी ने ओमवती पत्नी राजकुमार दास के एक दिन के बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों व डाक्टरों और अधिकारियों ने भी छोटे-छोटे बच्चों को पोलियो विमुक्ति की दवा पिलाई है।

विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान पर गहन प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन द्वारा लगातार अभियान के माध्यम से स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य


विदिशा। बच्चे को पोलियों को दवा पिलाते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा।

किये जा रहे हैं। आज राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के माध्यम से पोलियो बीमारी से बचने के लिए पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। हमारे जिले में माताओं और बहनों ने भी जागरूकता का परिचय दिया है। स्वास्थ्य विभाग के अमले ने भी बढ़-चढ़कर सभी को इस अभियान से जोड़ने का प्रयास किया है और आज इसके सुखद परिणाम हमारे सामने आए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से पूर्णता पोलियो मुक्त बनाने का कार्य किया है साथ ही उन्होंने सभी माताओं और बहनों से निवेदन भी किया कि वह टीका अवश्य लगवाएं ताकि माताएं-बहने और उनके बच्चे पूर्ण रूप से स्वस्थ रहें।

विधायक टंडन ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के साथ-साथ अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों के संबंध में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे जिले में कुपोषण के क्षेत्र में भी कार्य किये जा रहे हैं। कुपोषित बच्चों को पोषित करने के लिए बेहतर व्यवस्थाएं की गई हैं।

## खबर संक्षेप

### बंद रहा बिजली प्रदाय

**गंजबासौदा।** विद्युत सुधार कार्य के चलते रविवार को सुबह 9 बजे से 11 बजे तक धर्मकांटा, बरेठ रोड, स्टेशन रोड, जला मील, सावरकर चौक का विद्युत प्रदाय बंद रहा। जिससे इन क्षेत्रों के रहवासियों को बिजली के अभाव में परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं शाम के समय भी अनेक वार्डों में बिजली कुछ देर के लिए गुल हो गई। जिससे रहवासियों को अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### ऑटो चालकों को नशा न करने की शपथ दिलाई



**गंजबासौदा।** सिटी थाना पुलिस एवं यातायात पुलिस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के परिप्रेक्ष्य में संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन पर ऑटो यूनियन की बैठक कर नशा विरोधी जनसंवाद का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त ऑटो चालकों को नशा न करने हेतु जागरूक किया गया। नशा विरोधी जागरूकता अभियान के तहत समस्त ऑटो चालकों एवं आम नागरिकों को नशे से होने वाली हानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात सभी को नशा न करने की शपथ दिलाई गई।

### मनीषा जैन का निधन

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय शिखर चंद जैन टाल वालों की पुत्रवधू एवं राजकुमार जैन बल्लू की पत्नी तथा संस्कार, सोमिल की माताजी मनीषा जैन का स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गईं। जिनकी अंतिम यात्रा निवास स्थान विद्युत मंडल के सामने बर्फ फैक्टरी गली बरेठ रोड से दोपहर के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन...



**गंजबासौदा।** स्थानीय रेल्वे स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों रेलयात्री जल्दबाजी में अपनी जान को जोखिम में डालकर एक प्लेट फार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर लाइन क्रास करके जाते हैं जिससे कभी भी हादसा हो सकता है, जिसका जिम्मेदार कौन होगा।

### शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय में किया पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

# नगरपालिका अध्यक्ष ने नौनिहालों को पिलाई पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय राजीव गांधी जन चिकित्सालय में पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाकर किया। इस मौके पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादोन भी मौजूद रहे। पल्स पोलियो अभियान से पूर्व नोडल अधिकारी डॉक्टर अतुल जैन, कंट्रोल रूम प्रभारी जागवेंद्र यादव सहित समस्त अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में शासकीय जनचिकित्सालय के डॉक्टर अतुल जैन ने बताया कि नगरीय क्षेत्र में 85 बूथ बनाए गए हैं जिन पर पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। इसके अलावा चार सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे



स्टेशन, बस स्टैंड सहित अन्य जगहों पर भी कर्मचारी भेजे गए हैं।

पल्स पोलियो अभियान के तहत 190 कर्मचारी लगाए गए हैं जिनमें स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वयंसेवक, सुपरवाइजर आदि शामिल हैं। अगले दो दिन भी स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगे। इस बार यह लक्ष्य करीब 17000 रखा गया है। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने माताओं से निवेदन किया कि वह अपने जीरो से 5 साल तक के बच्चों को आवश्यक रूप से पोलियो की दवा पिलवायें। वहीं पीपल चौक पर समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने पोलियो खुराक पिलाकर अभियान



का शुभारम्भ किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जयंती नामदेव, विनोद रजक, अर्पित अग्रवाल ने सहयोग प्रदान किया। पल्स पोलियो अभियान तीन दिनों तक आयोजित होगा। इसके लिए रेलवे स्टेशन पर बूथों पर व चलती ट्रेन में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। भोपाल रेल मंडल द्वारा टीकाकरण बूथ का गठन किया गया है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बीना की ओर जाने वाली झेलम एक्सप्रेस, पंजाब मेल, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, राजकोट एक्सप्रेस व इटारसी की ओर जाने वाली कामायनी एक्सप्रेस और उज्जैन की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस में मोबाइल टीमों द्वारा ट्रेनों में भी नौनिहालों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

## पुलिस ने दो नाबालिग बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द किया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिटी थाना पुलिस द्वारा दो नाबालिग बालिकाओं को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया है। फरियादिया निवासी वार्ड नंबर 4 रविदास कालोनी ने अपनी नाबालिग नातिनी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सिटी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका को बरामद करने में सफलता प्राप्त की गई।

वहीं फरियादिया निवासी ग्राम पड़रई ने अपनी नाबालिग लड़की को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने धारा 363 भादंवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था। पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालिका को ग्राम किसनोदा से दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की। उक्त कार्रवाई में सिटी थाना प्रभारी संजीव कुमार चौकसे, बीएल मालवीय, शिवरतन माझी, सरमन साहू, राजू जाट, ज्योति त्रिपाठी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। दोनों नाबालिग बालिकाओं को पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## महायज्ञ को लेकर पत्रकारवार्ता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ईदगाह रोड खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास आशुतोष नगर में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें आचार्य पंडित विकास ऐलिया ने कहा कि 3 से 9 जुलाई तक श्रीराम हनुमत महायज्ञ होना है एवं सरस संगीत में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ होगा। उसके मुख्य यजमान सोनम बलराम सिंह राजपूत रहेंगे एवं समस्त आशुतोष नगर कॉलोनी वासियों द्वारा कार्यक्रम कराया जा रहा है। बैठक में पंडित ऐलिया ने कहा जहां यज्ञ होता है वहां अनंत कोटि देवता विराजमान हो जाते हैं। पूरा नगर पूरा ब्रह्मांड तेजोमय जाता है, उन्होंने कहा आसपास के समस्त पीठाधीश्वर एवं श्री वृंदावन धाम एवं गुजरात से संत महात्माओं का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम करने का उद्देश्य धर्म की रक्षा है सनातन धर्म की रक्षा से है। समस्त वातावरण धर्ममय हो। आज के समय में कथाएं लगातार हो रही हैं। यज्ञ लगातार हो रहे हैं, सब कुछ समझने के बाद भी हम नहीं समझ पा रहे हैं। धर्म जब तक हम धारण नहीं करेंगे तब तक हमारे अंदर पवित्रता नहीं आएगी।समाचार पत्र एवं न्यूज के माध्यम से महाराज ने जन-जन तक धर्म का प्रचार प्रसार सनातन धर्म की रक्षा के लिए आवाज उठाई है। आजकल गौ माता के साथ अत्याचार हो रहा है, उनके लिए महाराज ने आवाज उठाई रक्षा हेतु महाराज ने कहा कि हम शिवलिंग पर या कोई भक्त शिवलिंग पर दूध चढ़ाता है तो हम हंसी के पात्र बनते हैं, दूध नाली में जाता है जबकि ऐसा हर मंदिर में नहीं है, दूध भूमि में समाहित होता है जहां प्रश्न करना चाहिए वहां कोई नहीं करता जैसा कि अभी ईद आई थी और जिसने कोई अपराध नहीं किया। बेजुबान है उस बकरे की हत्या की गई। उसका रक्त सभी को दिखाई दिया कि नालियों में बह रहा है और हम सब मिलकर के ईद मुबारक दे गए। इस पर हमें विचार करना चाहिए कि जिसने कोई अपराध नहीं किया और उसकी इस प्रकार से उस जीव की हत्या हो रही है हमारी गौ माता पर भी आए दिन नाना प्रकार का संकट आ रहा हैं। यहां यही प्रश्न उठता है कि वह जीव बोल नहीं पा रहा है लेकिन हम उस पर प्रश्न नहीं उठाते हमारे देवी देवताओं के प्रति बुरा भला कहते रहते हैं। धर्म की रक्षा हेतु महाराज जी का उद्देश्य जन-जन तक धर्म की जागरूकता फैलाना एवं यज्ञ करना कथा करना। समस्त कॉलोनी वासियों ने महाराज का आभार व्यक्त किया है।

## नगर में यातायात बदहाल, जहां-तहां जाम लगने से लोग घंटों तक होते रहते परेशान

**टीकमगढ़।** नगर की यातायात व्यवस्था दिनोंदिन बदहाल हो रही है जहां आए दिन सुबह से ही नगर के मुख्य मार्गों और मुख्य चौराहों पर जाम लग जाते हैं जहां से लोगों का निकलना दूभर हो जाता है रविवार की सुबह करीब 10.30 बजे नजाई दरवाजे के सामने जाम लग गया जहां लोग जाम खुलने का इंतजार करते रहे जहां इस मौके पर कोई भी ट्रैफिक व्यवस्था बनाने वाले यातायात पुलिस का सिपाही वहां मौजूद नहीं था लोगों ने स्वयं अपनी व्यवस्था जैसे तैसे बनाई तब वहां जाम खुल पाया हालात यातायात व्यवस्था के इस तरह खराब हो चुके हैं कि लोग अब यातायात पुलिस की कार्य प्रणाली कोसते नजर आते हैं जाम में फसे लोगों का कहना था कि यातायात पुलिस कुछ नहीं कर रही है केवल ड्यूटी के नाम पर फॉर्मेलिटी हो रही है जहां शहर में यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा चुकी है और यातायात पुलिस इस ओर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

## डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया याद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर नगर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिनमें उनका पुण्य स्मरण किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपा द्वारा प्रतिवर्ष बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसके तारतम्य में इस वर्ष भी भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा प्रत्येक बूथ पर माल्यार्पण एवं पुण्यस्मरण कार्यक्रम किए गए। नगर मंडल गंजबासौदा का मुख्य कार्यक्रम श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर संपन्न हुआ। जहां उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वक्ताओं द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के पश्चात अटल उद्यान में पौधारोपण कर एक पौधा मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह जादौन, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, प्रभात शर्मा, योगेंद्र सोलंकी, जितेंद्र मीणा, रज्जन अग्रवाल, रमाकांत मिश्रा, मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, रूपेंद्र शर्मा, राकेश खटीक, स्वप्निल जैन, राजू रैकवार, राजीव जैन, विवेक अधिकारी, सुमन आचार्य, सरिता जैन, सरिता रघुवंशी सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पौधरोपण अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



श्रमदान दल द्वारा क्षेत्र में पहली बारिश के साथ ही अपने पौधरोपण कार्यक्रम का आगाज कर दिया गया है। पौधरोपण अभियान 3.0 का आगाज करते हुए दल के सदस्यों ने इमली चौराहे के समीप दो नीम और कदंब के दो पौधे रोपित किए। साथ ही इसके संरक्षण की जिम्मेदार जमीन मालिक राकेश राजपूत एवं श्रमदान दल के सदस्य रुद्रांश सिंह राजपूत ने ली।

ज्ञात हो कि इस साल श्रमदान दल एक नई थीम के साथ बारिश के मौसम में पौधरोपण नगर एवं आसपास के क्षेत्र में करता आ रहा है। 2022 में दल ने मंदिर को लक्ष्य बना कर पौधरोपण किया था, वहीं 2023 में स्कूली बच्चों को पर्यावरण से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूल विशेष पौधरोपण अभियान चलाया। इस वर्ष दल की थीम जन जन विशेष पौधरोपण पर आधारित है अर्थात जहां पिछले तीन वर्षों में दल द्वारा बिना किसी शासकीय, अशासकीय सहायता से 757 पौधे रोपित किए हैं। इस वर्ष पिछले वर्षों के एक दम विपरीत जन सामान्य के सहयोग से पौधा लगाने की रूप रेखा तैयार की है। वर्ष 2024 की योजना के अनुसार दल इस वर्ष आगामी चार महीनों के सत्रह सप्ताह में पांच पौधे प्रति सप्ताह की दर से 85 पौधे ट्री गार्ड सहित लगाएगा। जिसके लिए 85 लोगों से सहयोग राशि एकत्रित करने की योजना है। दल द्वारा एक पौधे की ट्री गार्ड सहित सहयोग राशि 1000 रुपए निर्धारित की है। जिसमे भी 35 पौधे की राशि शनिवार तक दल को प्राप्त हो चुकी हैं। साथ ही कोई भी व्यक्ति सहयोग राशि दे सकता है। जन जन को पर्यावरण को जोड़ने एवं पर्यावरण के प्रति लगाव होने के बावजूद समय अभाव एवम अन्य कारणो से पौधा रोपण न कर पाने वाले लोगों को ध्यान में रखकर इस योजना को तैयार किया गया है। श्रमदान दल द्वारा नगरवासियों से अपील की जा रही है कि नगर का हर एक व्यक्ति इस बारिश के मौसम में एक पौधा जरूर लगाए।

### ब्राह्मण समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

# ब्राह्मण समाज ने किया 170 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा मानस भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कक्षा 10 एवं कक्षा 12 के 170 मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। साथ ही ब्राह्मण समाज की नवीन कार्यकारिणी ने भी शपथ ग्रहण की। मंच पर उपस्थित संत समाज के साथ समस्त अतिथियों ने ब्राह्मण समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष संतोष शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया और ब्राह्मण समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करने के लिए आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान परशुराम, मां सरस्वती, वामन देव की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रारंभ में नव नियुक्त अध्यक्ष संतोष शर्मा ने उपस्थित समस्त अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं भाजपा नेता राजेश तिवारी ने समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा से यह मांग की कि मेधावी छात्रों का सम्मान, जो इस वर्ष प्रारंभ हुआ है, यह क्रम निरंतर जारी रहे, जिस पर उपस्थित सभी अतिथियों ने अपनी सहमति प्रदान की। कार्यक्रम में अतिथि रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार सतीश एलिया ने कहा कि ब्राह्मण जाति नहीं बल्कि वर्ण है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि नगर में ब्राह्मण समाज उप वर्गों में नहीं बंटा बल्कि सभी ने एक साथ उपस्थित होकर एकता का परिचय दिया है। वरिष्ठ समाजसेवी एवं परशुराम कथा व्यास पं रमेश शर्मा ने कहा कि गंजबासौदा, विदिशा की भूमि पवित्र है। नगर की भूमि ने अनेक ब्राह्मण सुपुत्र इस समाज को दिए हैं जिन्होंने क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद में ब्राह्मण पार्षद जगदीश व्यास, ज्योति शर्मा सहित व्यापार महासंघ में ब्राह्मण प्रतिनिधि विपिन तिवारी का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर सियारमण दास महाराज, मूडरी धाम के महंत परशुराम दास महाराज, धर्म गुरु पं केशव शास्त्री, भाजपा नेता राजेश तिवारी, डॉक्टर के के तिवारी, वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यप्रकाश शर्मा, ग्यारसपुर जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, रवि तिवारी, भृगु महाराज, नित्यप्रकाश शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रकाश मिश्रा, मयंक तेनगुरिया, सौरभ शर्मा, अखिलेश शर्मा, अरविंद दुबे, गौरव शर्मा, भानु शर्मा, संदीप तिवारी, मनोज रावत, दिनेश चतुर्वेदी, आशीष दुबे, शैलेंद्र दीक्षित सुनील पिंगले, दीपक तिवारी सहित बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। इस समारोह के बीच समाज के वयोवृद्ध महाकवि पंडित बालमुकुंद दीक्षित द्वारा रचित आरती संग्रह का विमोचन मंच पर उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। विमोचन के अवसर बालमुकुंद दीक्षित के साथ प्रमुख रूप से शैलेंद्र दीक्षित, एसएन गौर सहित अनेक विप्र बंधु उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन पं आशीष दुबे एवं पं संदीप रावत ने किया जबकि आभार पं नीलेश चतुर्वेदी ने माना।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं (प्रमोद साहू) ने श्रीमति रजनी पत्नि श्री खूबसिंह पाल निवासी पठारी जिला विदिशा हाल मुकाम विदिशा से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम हरनाखेडी तह. गंज बासौदा की आराजी क्र 558/1/1/1/1 रकवा 0.300 है. आराजी क्र 558/1/1/1/2 रकवा 0.070 है. आराजी क्र 558/1/2/1 रकवा 0.184 है. आराजी क्र 558/2/1/1 रकवा 0.199 है.आराजी क्र 564/1/1 रकवा 0.927 है. आराजी क्र 564/2/1/1 रकवा 1.507 है. आराजी क्र 564/2/1/2 रकवा 0.836 है. कुल किता 7 कुल रकवा 4.023 है. को क्रय करने का अनुबंध मेरे द्वारा रजनी पाल से किया है अनुबंध के पालन में मेरे द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र दिनांक 30/07/2024 को संपादित कराया जावेगा। उक्त भूमि मेरे द्वारा क्रय करने की सम्पूर्ण कार्यवाही कर ली गई है अब कोई भी व्यक्ति / संस्था / बैंक उपर वर्णित भूमि को न तो बंधक रखे न ही रहन रखे और न ही क्रय करें। अगर कोई भी व्यक्ति / संस्था / बैंक मेरे द्वारा क्रय की जा रही उपर वर्णित भूमि को बंधक रखता है रहन रखता है या क्रय करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी उसकी होगी अगर भूमि मेरे द्वारा किये गये अनुबंध पत्र के संबंध में किसी को कोई आपत्ति है तो वह 7 दिवस के अंदर मेरे से आकर संपर्क करें। मेरा पूर्ण पता नीचे उल्लेखित है। 7 दिवस के अंदर अगर किसी के द्वारा कोई आपत्ति नही की जाती है तो यह समझा जावेगा। कि उक्त भूमि के क्रय करने में किसी भी व्यक्ति / संस्था/बैंक को कोई आपत्ति नही है और भविष्य में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

भावदीय अमान सिंह राजपूत एड.
सिविल कोर्ट गंज बासौदा
रजि.क्र.1043/98
मो.नं. 9926616740

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम वर्तमान मे त्रुटिवश Aditya jaloree लिखा गया है मुझे आज से Aditya Jalori के नाम से जाना पहचाना जायें और भविष्य मे सभी कार्यो मे नवीन नाम से जाना जावें

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम एवं पता वर्तमान मे Prerana Atul Kathed निवासी D/o Atul Kathed R/o Nagar maharashtra उपयोग किया जाता है अब चुंकी विवाह पश्च्यात में अपना नाम एवं पता बदलना चाहती हूँ जो कि Prerana Jalori निवासी R/o Aditya Jalori W/n. 13, Jalori Gali, Station Main Road, Basoda, Vidisha, Madhya Pradesh 464221 नाम से जाना पहचाना जायें और भविष्य में सभी कार्यो मे नवीन नाम से जाना जावें

## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर 26 जून को

**सागर।** डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 130 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 26 जून दिन बुधवार को 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयुर्वेद एवं निदान सहित मधुमेह रोग पर निःशुल्क रक्त शर्करा, हीमोग्लोबिन, बी एम डी ( हड्डियों के घनत्व की जांच), यूरिक एसिड तथा अन्य परीक्षण का आयोजन, शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। इच्छुक व्यक्ति 25 जून तक डॉ राजेश शुक्ला से संपर्क कर सकते हैं एवं इस शिविर का निशुल्क लाभ ले सकते हैं।

### स्व. कस्तूरी बाई तिवारी को श्रद्धांजलि दी

**सागर।** एकता समिति ने समाजसेवी श्रीराम सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद तिवारी की माताजी कस्तूरी बाई का स्वर्गवास हो जाने पर दिव्य आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मोन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की । बैठक में अब्दुल रशीद भाई, राजकुमार पडेले, संजय शास्त्री, प्रदीप समैया, शरद गुप्ता, चंपक भाई जैन, सुधीर जैन, राजेंद्र सोनी, निलेश समैया, राजेंद्र मलैया, कमलचंद जैन, विमलचंद अजीत जैन, नीरज सेठ, निजाम भाई जान, सतीश खत्री, राकेश गोयल, विनीत गैस, राकेश बजाज, प्रभात जैन, चिरंजीत टुटेजा, पंकज तिवारी, प्रमोद पटेल, निजाम भाई जान, विनीत ताले वाले, अरुण जैन सुभाष सराफ, मनीष, नरेंद्र, सुशील, रमेश राजपूत, राजेश मिश्रा एडवोकेट उपस्थित थे।

### मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आयोजित किए कार्यक्रम

**सागर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर रविवार को भारतीय जनता पार्टी ने सागर जिले सभी 2118 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ताओं सहित आमजनों ने डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जिला मीडिया प्रभारी श्रीकांत जैन ने बताया की पार्टी के जनप्रतिनिधि पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने स्थानीय बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया जिले की बीना विधानसभा के भाजपा कार्यकाल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए जहां उन्होंने डॉ.श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

### खेल परिसर में मनाया गया योग दिवस

**सागर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सागर खेल परिसर में योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाड़ियों के साथ विभागीय प्रशिक्षण एवं कर्मचारी उपस्थित हुऐ। जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी प्रदीप अबिद्रा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुऐ अवगत कराया कि योग दिवस मनाने की शुरुआत वर्ष 2014 में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्रीय महासभा में प्रस्ताव रख कर की। जिसे सर्वसम्मित से पारित किया गया। तत्पष्चात संपूर्ण विश्व में 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस मनाया गया। 21 जून साल का वह दिन है जिसमें सूर्य सबसे ज्यादा समय तक चमकदार और पृथ्वी को रौशनी देता है। हम सभी को अपनी दिनचर्या में योग को सम्मिलित करना चाहिए। जिससे शरीर रोग मुक्त होता है और मन को शांति मिलती है।

### पुलिया निर्माण के चलते यातायात प्रतिबंधित रहेगा

**सागर।** दीनदयाल चौक से गोपालगंज की ओर जाने वाले सड़क मार्ग में पुलिया का निर्माणकार्य प्रगतिरत है। नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार दीनदयाल चौक पर जुड़ने वाली गोपालगंज सड़क पर पुलिया निर्माण के चलते गोपालगंज से काली तिगड्डा होते हुये दीनदयाल चौक सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी।

## दूल्हा-दुल्हन ने गोशाला में सब्जियों व दाल बाफले का गायों को कराया भोजन

# जैन समाज की प्राचीन परंपराओं के साथ संपन्न हुआ चक्रवर्ती विवाह





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

जैन समाज की परंपराओं को जीवित रखने के लिए नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अनूप जैन घेतल ने अपने पुत्र आयुष जैन घेतल का चक्रवर्ती विवाह कराया। जैन समाज की प्राचीन परंपराओं को लेकर नगर के घेतल गली दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में चक्रवर्ती विवाह पूरी धार्मिक क्रियाओं के साथ बड़े ही धूमधाम से सम्पन्न हुआ।

इस मौके पर पं नितिन शास्त्री इंदौर ने चक्रवर्ती विवाह होने से पूर्व दिगम्बर जैन बडा मंदिर में भक्ताम्वर विधान,शांति धारा,अभिषेक के साथ रंगारंग भजनों के साथ विवाह सम्पन्न कराया। साथ ही परिवारजनों द्वारा विवाह सम्पन्न होने के बाद भक्ति भाव के साथ नृत्य किया। वही पं नितिन शास्त्री इंदौर ने बताया कि इस विवाह में भगवान के मंदिर में सबसे पहले अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, विधान हवन, सात फेरे आदि क्रियाएं होती हैं। अंत में सात फेरे भगवान के चारों ओर परिक्रमा देकर पूर्ण किए जाते हैं। इस विवाह में वर,वधू भोजन में भी शुद्धि का भोजन ही ग्रहण करते हैं अथवा अपने शरीर के अनुकूल व्रत या उपवास भी कर सकते हैं कंदमूल आदि का भोजन, रात्रि भोजन ऐसे विवाह में वर्जित होता है। बहू अपने ससुराल में पुराणों को लेकर प्रवेश करती हैं। ससुराल पक्ष में वर की मां भी अपनी बहू को पुराण आदि देकर अपने घर में मंगल प्रवेश कराती हैं दूल्हा-दुल्हन सात दिन तक अलग अलग जैन मंदिर के दर्शन,पूजन आदि करते हैं। वही उन्होने कहा कि कि ऐसे विवाह के द्वारा लोगों में आधुनिकता की चकाचौंध से दूर जीवन में धर्म मय जीवन की ओर बढ़ने की भी प्रेरणा भी मिलती है। साथ ही दूसरे लोगों को भी प्रेरणा मिलती है।

### गोसेवक के रूप में पहचाने जाते है आयुष घेतल

आयुष जैन घेतल संत सुधा सागर गौशाला के प्रारंभ से ही जुडें हुए है और गो-माता हमेशा ही सेवा करते रहतें है। शहर हो या फिर आसपास ग्रामीण क्षेत्र यदि कही से भी किसी गाय की घायल या बीमार होने की सूचना मिलती है तो आयुष जैन घेतल तत्काल अपनी टीम के साथ उक्त स्थान पर पहुचकर गाय का उपचार करते है। साथ ही यदि कोई दुंघटना में गंभीर रूप से घालय होती है तो उक्त गाय को गोशाला में लाकर गाय का उपचार किया जाता है। इतना ही नही गोशाला टीम द्वारा सर्दी, गर्मी हो या फिर बरसात सभी मौसम का सामना कर एक जुनुन के साथ गायो की सेवा करते आए है। जन सहयोग से भीषण सर्दी के मौसम में गायो को औषधि पूर्ण लडडू खिलाए जाते है साथ ही गायो को गर्म कपंडें पहनाकर हमेशा गायो की सेवा में लगें रहते है। साथ ही भीषण गर्मी के मौसम में जनसहयोग से गायो को पानी पिलाने के लिए शहर में लगभग 100 से अधिक गोदिया रखवाई गई। जिससे नगर में आवारा घूमने वाली गायो को पीने के लिए पानी मिला।

### विवाह सम्पन्न होने के बाद हुआ गो-भोज का आयोजन

गो-सेवक आयुष जैन घेतल का चक्रवर्ती विवाह सम्पन्न होने के बाद वह अपनी पत्नि स्वाति जैन के साथ अतिशय क्षेत्र नसिया जी स्थित संत सुधा सागर गौशाला पहुचें जहां उन्होनें लगभग दो सौ से अधिक गायो को भोजन कराया। इस गो-भोज के लिए दो क्विंटल हरी सब्जियों का उपयोग किया गया। जिसमें लौकी, गिलकी, भिंडी, ककडी, टमाटर सहित विभिन्न प्रकार की भाजियां फल शामिल हुए। साथ ही गायो को भोजन कराने के लिए विशेष थालिया सजाकर गायों को भोजन परोसा गया। गो-भोज के बाद नगर के लिंक रोड स्थित श्याम बाटिका में सामाजिक कार्यक्रम के अनुसार आशीर्वाद समारोह व स्वरूचि भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




### पालनहार पड़े बीमार! भगवान जगन्नाथ को आया बुखार, अब 15 दिन तक होगी देखभाल

गढाकोटा। उड़ीसा के पुरी की तर्ज पर सागर जिले के गढ़ाकोटा में भी जगत के पालनहार भगवान जगन्नाथ अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलदाऊ के साथ बीमार पड़ गए हैं। आप सोच सकते हैं कि पालनहार कैसे बीमार हो सकते हैं, तो सदियों से ऐसी परंपरा चली आ रही है, जब ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा होती है तो भगवान का स्नान कराया जाता है, भोग लगाया जाता है, महाआरती होती है। तब भीषण गर्मी की वजह से भगवान लू की चपेट में आ जाते हैं। गढ़ाकोटा के सिद्ध धाम पटेरिया में स्थित जगदीश मंदिर में भी ज्येष्ठ सुधी पूर्णिमा को भगवान अपने भाई और बहन के साथ गर्भ गृह से निकल कर भक्तो को दर्शन देने बाहर परिसर में आए थे जहां पर 108 घड़ो से उनका अभिषेक किया गया। छप्पन भोग लगाए गए, महा आरती हुई और इसके बाद जब आधी रात को भगवान मंदिर में अंदर पहुंचे, तो उनका स्वास्थ्य खराब हो जाता है। महामंडलेश्वर एवं जगदीश मंदिर शाला

## निगमाध्यक्ष ने निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर ट्यूबवेल खनन हेतु भूमि पूजन किया

**सागर।** नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार ने गुरु गोविंद सिंह वार्ड में 50 लाख की लागत से निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया एवं विधायक शैलेंद्र जैन की निधि से निर्मित ट्यूबवेल खनन का विधि विधान से पूजन किया । इस अवसर पर विट्ठल नगर वार्ड पार्षद देवेंद्र अहिरवार, गुरु गोविंद सिंह वार्ड के पूर्व पार्षद कल्याण अहिरवार, पार्टी की वरिष्ठ नेता मुन्नालाल राठौड़या, हुकम जाटव एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे ।



## गोपालगंज से काली तिगड्डा होते हुए दीनदयाल चौक मार्ग पर पुलिया निर्माण के चलते यातायात प्रतिबंधित रहेगा

**सागर।** दीनदयाल चौक से गोपालगंज की ओर जाने वाले सड़क मार्ग में पुलिया का निर्माणकार्य प्रगतिरत है। नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी लिमिटेड राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार दीनदयाल चौक पर जुड़ने वाली गोपालगंज सड़क पर पुलिया निर्माण के चलते गोपालगंज से काली तिगड्डा होते हुये दीनदयाल चौक सड़क मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। नागरिकों की आवागमन सुविधा के लिये इस सड़क मार्ग का ट्रेफिक नवनिर्मित संगीत विद्यालय रोड (जैन हाई स्कूल मुख्य गेट दीनदयाल चौक से संगीत विद्यालय डिग्री कॉलेज मार्ग) पर डायवर्ट किया गया है। दीनदयाल चौक से काली तिगड्डा होते हुये गोपालगंज या एमएलबी स्कूल की ओर आने-जाने वाले सभी नागरिक संगीत विद्यालय सड़क से आ जा सकेंगे।

### स्वच्छता के प्रति जागरूकता तथा जनता की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु दिए निर्देश

# स्वच्छ भारत मिशन डायरेक्टर ने नगर निगम सहित अन्य नगरीय निकायों द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶सागर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अच्छी रैंकिंग लाने के लिए सागर नगर निगम सहित जिले के सभी नगरीय निकायों द्वारा प्रारंभिक तैयारियां प्रारंभ की जा चुकी हैं। सागर नगर निगम सहित जिले के निकायों द्वारा की जा रही प्रारंभिक तैयारियों के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा करने हेतु नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल से मिशन डायरेक्टर अक्षय त्रेमवाल स्वच्छ भारत मिशन (शहरी ) ने सागर में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने समीक्षा बैठक में सागर जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित किए गए मानकों के अनुसार तैयारियों को गति देने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और निर्देश दिए।

सागर स्मार्ट सिटी के सभा कक्ष में आयोजित नगर निगम और जिले के समस्त नगरीय निकायों की बैठक में मुख्य रूप से नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ जिले की समस्त निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के डायरेक्टर अक्षय त्रेमवाल ने निकायों द्वारा की जा रही स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीपीटी की जो भी राशि निकायों के पास शेष है वह उन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें, इसके अलावा उन्होंने समस्त निकायों के सीएमओ से कहा कि स्वच्छता रैंकिंग में आप सबको अच्छा प्रदर्शन करना है और रैंकिंग को बढ़ाना है । उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण योजना नमस्ते योजना को व्यापक तौर पर चलने और इसका प्रचार-प्रसार करने के लिए समस्त सीएमओ को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नमस्ते योजना के अंतर्गत निकायों को सेप्टिक टैंक की सफाई वाहन के साथ मशीन से कराना है अगर यह संभव नहीं है और अगर सेप्टिक टेंक की सफाई बिना मशीन की मदद से सफाई मित्र करता है तो उसके स्वास्थ्य और जान-माल की रक्षा के लिए समस्त सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराये जाएं क्योंकि बिना सेफ्टी उपकरण के सेप्टिक टैंक में उतर कर सफाई करने से सफाई मित्रों को स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना हो सकता है। सावधानी के साथ सेफ्टी टैंक की सफाई की जाए इस पर विशेष ध्यान देना है।

बैठक में उन्होंने नगर निगम द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए की जा रही तैयारियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि नगर निगम द्वारा कई नवाचार और जागरूकता के माध्यम से लगातार प्रयास किया जा रहे हैं जो सराहनीय हैं परंतु इन प्रयासों को व्यापक पैमाने पर करने के लिए लोगों में जागरूकता और जनता की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने बैठक में बताया कि नगर निगम द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु कई कार्य एवं नवाचार किये जा रहे हैं । पॉलिथीन के उपयोग को रोकने के लिए लोगों को पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है साथ ही कांच के गिलास या मिट्टी के कप देकर प्रोत्साहित भी किया जा रहा है । इसके अलावा नगर निगम द्वारा सागर का सुकून और कचरा खुद बोलता है मैं किस घर का हूं ये दो अभियान भी चलाए जा रहे हैं जिसमें एक अभियान के माध्यम से लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है वहीं दूसरे अभियान के माध्यम से शहर में गंदगी फैलाने वाले और कचरा फेंकने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की जा रही है ।

सागर स्मार्ट सिटी के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के कैमरों की मदद से कचरा फेकने वालों की वीडियो फुटेज निकालकर






## मॉडिफाइड बुलेट चालकों पर गढ़ाकोटा पुलिस ने की व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में मोडिफाइड बुलेट चालकों का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें बुलेट चालक नगर में एक साथ निकलते थे एवं बुलेट से पटाखे जैसी आवाज निकाला करते थे। जिसकी शिकायत नागरिकों के द्वारा गढ़ाकोटा थाना प्रभारी के समक्ष की गई, तब थाना प्रभारी ने एक विशेष अभियान के तहत पांच बुलेट चालकों पर कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो के आधार पर पांच बुलेट चालकों पर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की है एवं उनके परिजनों को हिदायत दी है कि इस प्रकार की मॉडिफाइड बुलेट बच्चों द्वारा न चलाई जाए। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि नागरिकों के द्वारा सूचित किया गया था कि कुछ बुलेट चालक मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग कर पटाखे जैसी आवाज करते हैं इसके बाद एक विशेष अभियान के तहत ऐसे बुलेट चालकों पर कार्रवाई की गई है जिसमें पांच बुलेट चालकों मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है एवं उनके परिजनों को समझाइए दी गई है एवं यह विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा।



## श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**गौरझामर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, महिला मोर्चा अनीता पटेल, उपाध्यक्ष एवं गौरझामर सरपंच बबीता विश्वकर्मा, महिला मोर्चा पूनम मेहरा , लीलाधर साहू मंडल संयोजक, नाथूराम मिश्रा, ध्रुव पाठक, मुन्ना प्रजाति, मथुरा विश्वकर्म,ा जगदीश प्रसाद बिल्थरे, राजेश दीक्षित, संजय जैन सहित गौरझामर के मंडल के पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रीतम लोधी ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भारत को और यहां के राष्ट्रवादी लोगों को हमेशा याद रहेगा। उनके बताए हुए रास्ते पर चलकर ही भारत समृद्ध और सशक्त हो रहा है। भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनकी स्मृति में पौधे लागने का संकल्प लिया। इस दौरान यहां पर उपस्थित सभी कार्यकर्ता ने भी श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया।



## सभी माता-पिता सब काम छोड़कर पहले बच्चों को पोलियो की दवा पिलाए: गोविंद सिंह राजपूत

**सागर।** पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत रविवार से हो चुकी है इस अभियान के तहत खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत जिला अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई एवं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ बच्चे समृद्ध और शक्तिशाली भारत की पहचान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विकसित समृद्ध स्वस्थ भारत की ओर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। राजपूत ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम में घर-घर जाकर बच्चों को यह दवाई पिलाएंगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी माताएं बहनें जन्म से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को अपने सारे जरूरी काम छोड़कर सबसे पहले बच्चों को पोलियो की दवा पिलवाए ताकि हमारे बच्चे स्वस्थ हो साथ ही अन्य लोगों को भी पोलियो की दवाई पिलाने के लिए प्रेरित करें। उन्हें कहा कि पोलियो मुक्त भारत हो चुका है लेकिन फिर भी इस तरह का एक भी बच्चा न हो इसके लिए लगातार सरकार यह अभियान चलाती रहती है।

## दो माह में 86 लाख सीताराम नाम लेखन हुआ

**सागर।** डाइट सिंरोजा सागर परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार की प्रेरणा से अप्रैल 2012 में क्षेत्रवासियों के द्वारा श्री सीताराम नाम लेखन का कार्य प्रारम्भ किया गया था जो वर्तमान में भी अनवरत जारी है । पं ब्रजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि भक्तो एवं श्री सीताराम नाम लेखन प्रेमियो के द्वारा अभी तक सवा करोड़ लेखन जप के तेरह (13) संकल्प पूर्ण किये जा चुके है और चौदहवा (14 वां) सवा करोड़ लेखन जप की शुरुआत हनुमान दुर्गा, भैरव धाम मंदिर परिसर स्थित श्री सीताराम नाम बैंक के मैनेजर एवं मंदिर के पुजारी पं गोपालदास शर्मा जी




## संत रविदास की प्रतिमा का अनावरण किया

**मालथौन।** रविवार को पूर्व जनपद अध्यक्ष अशोक सिंह बामोरा मालथौन नगर परिषद के ग्राम दुगाहाकलां में आयोजित संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की प्रतिमा के अनावरण में शामिल हुए। कार्यक्रम में पधारे सभी संतो का उन्होंने सम्मान किया। उन्होंने कहा कि यहां पर संत रविदास जी का मंदिर तो बन गया हैं, इसके अलावा यहां पर एक सामुदायिक भवन भी जल्द बनकर तैयार होगा जहां पर संत ठहर सकेंगे।अशोक सिंह बामोरा ने कहा कि सागर शहर में भी नरेन्द्र मोदी के द्वारा बडतूमा में लगभग 100 करोड़ की लागत से संत शिरोमणि रविदास जी महाराज का भव्य मंदिर बन रहा हैं, जो जल्द बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि हमे समाज के सभी वर्ग के लोगां को साथ लेकर चलना है, और जो वर्षो से कमजोर वर्ग रहा है उनकी मदद हमें करना है। उन्होंने सभी संतो से अुनरोध किया कि समाज में सभी वर्ग में संत रविदास जी की महिमा का प्रचार-प्रसार करें जिससे आगे आने वाली पीढ़ी संत रविदास जी के बारे में जान सकें।

# अंडा लेने गई महिला का पुलिया के नीचे मिला शव

## जैथारी पुलिस चौकी का मामला, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अंडा लेने गई महिला की लाश पुलिया के नीचे मिलने से मिलने से सनसनी फैल गई।

पुलिस ने प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस चौकी जैथारी अंतर्गत बीकलपुर के पास रात्रि में एक महिला की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। सूचना मिलने पर जैथारी पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल हॉस्पिटल सिलवानी भेजा गया।

एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि शुक्रवार की रात्रि में बीकलपुर के पास जमुनिया विघर्रा रोड पर पुलिया के नीचे अज्ञात महिला का शव मिला था जिसकी पहचान सलमा निवासी इस्लामपुरा बरेली जिला रायसेन उम्र 35 साल के रूप में हुई है। महिला परित्यागता है 10 साल से अपने पति सारिक उर्फ विदद्दु खान से अलग होकर पिता नजीर खान के पास इस्लामपुरा बरेली में रह रही थी और शुक्रवार की रात्रि में बरेली से गायब हुई थी जिसकी परिजनो ने शनिवार को बरेली थाना में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जानकारी मिलने पर महिला के परिजन आ गए है जिन्होंने महिला की पहचान की है।

शव का सिविल हॉस्पिटल सिलवानी में पोस्टमार्टम किया जा रहा है। महिला की दुप्पटा से गला रौंदकर हत्या करना प्रतीत होती है। मौर्य ने बताया कि महिला घर से अण्डा लेने जाने का बोल कर निकली थी, अभी पीएम रिपोर्ट नही आई है रिपोर्ट आने पर ही जांच की दिषा तय होगी।

## भोपाल-विदिशा हाईवे पर गड्ढों से दुर्घटनाओं का अंदेशा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# टोल टैक्स वसूलने के बाद भी सड़क के नहीं भरे जा रहे गड्ढे, आए दिन हो रही दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

इन दिनों भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 की सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे दिख रहे हैं। भोपाल से लेकर दीवानगंज और सलामतपुर चौराहे तक लगभग 40 किलोमीटर हाईवे की सड़क पर जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, इनकी मरम्मत तो दूर इन्हें चूरी गिट्टी से भरकर खाना पूर्ति भी नहीं की जा रही है। वाहनों की आवाजाही के कारण यह गड्ढे लगातार बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में कभी भी बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। कई गड्ढे तो 8- 8 इंच गहरे हैं।

ऐसे में इनमें बस हो या ट्रक के दोनों पहिये धंस जाते हैं। भोपाल से बाया विदिशा होते हुए सागर तक पहुंचने के लिए इसी मार्ग का उपयोग किया जाता है। लेकिन वाहन चालकों को गड्ढों के कारण पूरा सफर का मजा किरकिरा हो जाता है। यही नहीं इस मार्ग से रोजाना पूरे प्रदेश के अफसरों, पूर्व सीएम, मंत्रियों का आना जाना भी लगभग रोजाना होता है। बावजूद इसके एमपीआरडीसी विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहा है।



### हाईवे पर पिछले 12 महीने में हो चुकी हैं 70 घटनाएं



भोपाल विदिशा हाइवे 18 सड़क पर सप्ताह में एक दो हादसे गड्ढों की वजह से हो रहे हैं। जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं। पिछले वर्ष इस हाइवे पर लगभग 70 घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें कई लोग घायल और कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। फिर भी ज़म्मेदार अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई उपाय नही किए जा रहे हैं। वहीं ज्यादातर हादसे बालमपुर घाटी पर हो रहे हैं। यहां आए दिन ट्रक हादसे होते हैं, जबकि हादसों को रोकने एमपीआरडीसी ने रोड को चौड़ा भी कर दिया है। और दोनों और रेलिंग भी लगाई गई है। ताकि हादसे रोके जा सकें। फिर भी हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे।

### हाईवे से प्रतिदिन निकलते हैं 10 हज़ार वाहन

*भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 से दिन भर में लगभग 10 हजार छोटे बड़े वाहन निकलते हैं। जो यूपी, दिल्ली, मुम्बई, गुजरात, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में जाते हैं। यहां से बड़े बड़े ट्राले और ट्रक क्षमता से अधिक माल लेकर सड़क से निकलते हैं। वहीं कुछ बड़े भारी वाहन भी यहां से गुजरते हैं। जो त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर भानपुर भोपाल तक पूरे रोड के गहरे गहरे गड्ढों के कारण आए दिन खराब हो जाते हैं। वहीं मोटरसाइकिल चालकों को तो गड्ढों में पानी भरा होने के कारण उनकी गहराई का अंदाजा भी नही लगता और जैसे ही मोटरसाइकिल का अगला पहिया गड्ढे में जाता है चालक नीचे गिरकर घायल हो जाते हैं।*

### शीघ्र ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन करेंगे

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 सड़क मार्ग पर छोटे बड़े हज़ारों वाहन प्रतिदिन निकलते हैं। कई जगह सड़क के दोनों और व बीच मे बड़े बड़े गड्ढे होने के साथ ही साइडों की डामर भी धंसक गई है। इनमें बाइक का टायर फंस जाता है, जिसकी वजह से चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं हाइवे पर टोल टैक्स वसूलने के बाद भी इन गड्ढों की और ध्यान नही दिया जा रहा है।

**अशोक त्रिपाठी**, समाजसेवी राताताई सलामतपुर

### एमपीआरडीसी विभाग की लापरवाही

हाईवे 18 पर त्रिमूर्ति चौराहे से लेकर सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, कुल्हाड़ियां, दीवानगंज, बालमपुर और भानपुर भोपाल तक 40 किलोमीटर क्षेत्र में गहरे गड्ढे ही गड्ढे हो गए हैं। इनकी वजह से आए दिन हाइवे पर हादसे हो रहे हैं। कुछ हादसों में तो चालक अपनी जान भी गवां चुके हैं। बावजूद इसके एमपीआरडीसी विभाग का इस और ध्यान ना देना उनकी लापरवाही को उजागर करता है।

**रघुवीर सिंह मीणा**, सरपंच ग्रा.पं. रातातलाई

# अनियंत्रित होकर खेत में फंसा ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



जिले के भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे पर विदिशा से ग्राम अंबाडी धान भरने के के लिए जा रहा ट्रक जैसे ही अम्बाड़ी के लिए ड्राइवर ने ट्रक को मोड वैसे ही ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे जाकर खेत में उतर गया। वही एक बड़ा हादसा होते-होते बाल बाल बचा।

इस दौरान ग्राम अम्बाड़ी की ओर जाने वाले वाहनों को निकलने में परेशानी का सामना करना पड़ा और जाम की स्थिति बनती रही। वहीं जेसीबी मशीन बुलाकर ट्रक को खेत से बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक ट्रक विदिशा से अंबाडी किसान की धान भरने जा रहा था जो धान भोपाल ले जाना थी मगर ट्रक अनियंत्रित होकर खेत में उतर गया। जेसीबी की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकल गया।

# नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया बलिदान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस रविवार को रायसेन जिला भाजपा कार्यालय सहित मंडल स्तर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस मौके पर नेताओं ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

स्वर्गीय मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बलिदान दिवस के अवसर पर याद करते हुए उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आग्रह किया। श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को याद किया इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि आज हम यहां मिलकर भारतीय जनता पार्टी के पुरोधा पुरुष पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस कार्यक्रम मना रहे हैं। उन्होंने हमारे देश के लिए बहुत कुछ किया है। भारतीय जनता पार्टी आज 23 जून को पूरे विश्व में बड़े दल के रूप में उभरी है। यह पंडित स्वर्गीय मुखर्जी की देन है। उन्होंने कश्मीर के लिए अपने प्राण भी न्योछावर कर दिए।

उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और भारतीय जनता पार्टी की सेवा करते हुए देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया।पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी बहुत ही विद्यमान और बहुत बड़े विचारक थे। उन्होंने कड़ी मेहनत के साथ संघर्ष करते हुए भाजपा पार्टी को आगे बढ़ाने का काम किया है। जिसकी वजह पार्टी आज इस स्थिति में है और देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ही है।

## खबर संक्षेप

### जिले में पांच केंद्रों पर संपन्न हुई राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा



**रायसेन।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को जिला मुख्यालय रायसेन पर निर्धारित 5 परीक्षा केन्द्रों पर दो सत्रों में सम्पन्न हुई। इस परीक्षा के लिए सुचारू संचालन हेतु नियुक्त संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत आईएएस डॉ अशोक कुमार भार्गव द्वारा परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शासकीय कन्या महाविद्यालय, परीक्षा केन्द्र शासकीय स्वामी विवेकानन्द महाविद्यालय, परीक्षा केन्द्र प्रेसीडेन्सी कॉलेज (ब्लाक-ए) तथा प्रेसीडेन्सी कॉलेज (ब्लाक-बी) का निरीक्षण कर जायजा लिया गया।

### जिले में 25 जून तक पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक



**रायसेन।** जिले में 23 से 25 जून तक जन्म से 05 वर्ष तक की आयु के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने हेतु आयोजित होने वाले 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' का जिला चिकित्सालय में नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन द्वारा बच्चों को पोलियो की खुराक पिला कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जमना सेन, सीएमएचओ डॉ दिनेश खत्री, सिविल सर्जन डॉ अनिल ओढ़, जिला टीकाकरण अधिकारी भी उपस्थित रहे। पल्स पोलियो अभियान के तहत जिले में लगभग दो लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, इसके लिए 1702 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। इनके अतिरिक्त घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जा रही है।

# रेलवे की सेफ्टी बाउंड्रीवॉल बनने से हादसों में आई कमी

## सलामतपुर में लगभग डेढ़ किमी लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर



रेलवे विभाग द्वारा सलामतपुर सहित आसपास क्षेत्रों में बनाई गई सेफ्टी बाउंड्रीवाल से हादसों में कमी आई है। पहले जब बाउंड्रीवाल नही बनी थी तो जानवर आसानी के साथ रेलवे लाईन तक पहुंच जाते थे। जिसकी वजह से आए दिन हादसे होते रहते थे। रेलवे ने अपनी ज़मीन पर से अतिक्रमण हटाकर सेफ्टी बाउंड्रीवाल का निर्माण किया है। इसका निर्माण कार्य बहुत तेज़ी से चला।

कस्बे में लगभग डेढ़ किमी लंबी बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। निर्माण कार्य ट्रेक के दोनों और इसलिए किया गया है कि ट्रेन, ट्रेक की सुरक्षा हो सके।। ताकि कोई भी जानवर रेलवे लाइनों तक नही पहुंच सकें। क्योंकि कई बार जानवर पटरियों तक पहुंचकर ट्रेन से टकरा जाते हैं। जिससे गंभीर हादसा होने की संभावना रहती है। सेफ्टी बाउंड्रीवाल बनने से रेलवे विभाग ने राहत की सांस ली है। क्योंकि सेफ्टी बाउंड्रीवाल बनने से अब हादसों में कमी आई है। ट्रेन, यात्री और ट्रैक की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे विभाग भोपाल रेल मंडल के अंतर्गत कई स्थानों पर अतिक्रमण हटाकर बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य पूरा किया है। जिसमें भोपाल से हबीबगंज स्टेशन और निशातपुरा से भोपाल के बीच 8 किमी क्षेत्र में बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। भोपाल के आसपास के क्षेत्रों में रेलवे ट्रेक के दोनों और लगभग डेढ़-डेढ़ किमी लंबी बाउंड्रीवाल, सूखीसेवनिया, ओबैदुल्लागंज, मंडीदीप, मिसरोद और हबीबगंज के यार्ड में भी बनाई गई है। रेल अधिकारियों का कहना है कि ट्रेनों की स्पीड अब 110 से बढ़कर 130 किमी प्रति घंटे तक सेक्शनों में पहुंचती जा रही है। लोगों की सुरक्षा व कोई जानवर ट्रेक तक ना पहुंचे इसलिए यह बाउंड्रीवाल बनाई गईं हैं।

### रेलवे वाली पुलिया को अंडरब्रिज के रूप में जोड़ेंगे मुख्यमार्ग से

भविष्य में राजीवनगर प्राथमिक शाला के सामने वाली रेल्वे पुलिया को अंडरब्रिज के रूप में सलामतपुर के मुख्य मार्ग से जोड़ने व सलामतपुर स्टेशन के रेल्वे ओवर ब्रिज की लंबाई बढ़ाकर सीधे खेल ग्राउंड तक बनाने के प्रस्ताव पर विचार एव पूर्ण प्रयास करने की बात भी कही जा रही है।

### रास्ते को लेकर हो चुका विवाद, पूर्व मंत्री के हस्तक्षेप के बाद रहवासियों को मिला रास्ता

*वर्तमान में सलामतपुर कस्बे के राजीवनगर बस्ती में रेल्वे विभाग द्वारा सेफ्टी बॉउंड्रीवाल का निर्माण कार्य किया गया है। इस निर्माण में बस्ती के रहवासियों को आवागमन के लिए कोई रास्ता नहीं दिया जा रहा था। जिससे रहवासियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता। जैसे पहाड़ से एकत्रित होकर बारिश का पानी बस्ती में जमा हो बाढ़ जेसी स्तिथि पैदा होना, बीमार, बुजुर्गों एवं बच्चों को मुख्य सलामतपुर तक आने के लिए लगभग 3 से 4 किलोमीटर का पैदल रास्ता तय करना पड़ता एवं समय पर उपचार मिलने में भी बिलम्ब होता, बच्चों को स्कूल जाने एवं रहवासियों को अन्य काम के लिए भी कई कठिनाइयों का सामना भविष्य में करना पड़ता। बस्ती के रहवासी कई बार रेलवे विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके थे। लेकिन कोई सुनवाई नही हो रही थी। मामले की जानकारी मिलते ही राजीवनगर, धपसटनगर वासियों ने मिलकर उक्त समस्या को क्षेत्र के विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व लोकस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी के समक्ष रखा। मंत्री ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रेल्वे विभाग के डी.आर.एम. से उक्त समस्या के निराकरण के लिए फ़ोन के माध्यम से चर्चा की और जिला प्रशासन को भी उक्त समस्या के निराकरण के लिए निर्देशित किया।*

# ग्राम पंचायत अंबाड़ी गलियों में बनवा रही आरसीसी रोड





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

साँची विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी के द्वारा गली मोहल्ला में सीसी रोड डाला जा रहा है ताकि ग्राम वासियों को रोड़ सहूलियत मिल सके।

अंबाडी पंचायत द्वारा शनिवार को गद्दी करार अंबाडी में चिरौंजी साहू के घर से गुलाब शाक्या के घर की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है जिससे ग्राम वासियों में खुशी की लहर है। ग्राम पंचायत अंबाडी द्वारा लगभग 10 लाख रुपए से पांच सीसी रोड का निर्माण कार्य गली मोहल्ले में किया जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि रमेश कुमार अहिरवार ने बताया है कि ग्रामवासी काफी लंबे समय से रोड की मांग करते आ रहे थे। उनकी मांगों को ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा सीसी रोड डलवाया जा रहा है जिसकी चौड़ाई 3.50 मीटर है।

# बाड़ी नगर में फैला अतिक्रमण का जाल

## चिंतामन चौराहे पर राहगीरों व यात्री बसों के आवागमन में बड़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी




राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की घोर उदासीनता एवं स्थानीय प्रशासन की लापरवाही से आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। राजमार्ग के फुटपाथ स्थाई अस्थाई अतिक्रमण और कब्जे से लबरेज हो चुके हैं संज्ञान के बावजूद कार्रवाई के प्रति उदासीनता बताती है कि प्रशासन को गंभीर सड़क हादसे का इंतजार है।

नगर के मध्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग 12 के दोनों ओर 10 से 15 फीट के फुटपाथ हैं बालाजी मंदिर से कर्मा पेट्रोल पंप तक लगभग 3 किलोमीटर के दोनों और के फुटपाथ स्थाई अस्थाई अतिक्रमण और कब्जे से लबरेज हो चुके हैं राजमार्ग के दोनों और के दुकानदारों ने दुकान का सामान दुकानों से रोड किनारे तक फैला रखा है। इन फुटपाथों पर अनगिनत ठेला व्यवसायों ने भी कब्जा कर रखा है। अतिक्रमण का यह सिलसिला निर्बाध जारी है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रोड निर्माण के बाद से आज तक अपनी ही भूमि की सुध नहीं ली है। इस राजमार्ग पर स्थित नगर के प्रमुख यातायात के दबाव वाले चिंतामन चौराहे पर स्थित चाय दुकान के बाहर आधे से अधिक मार्ग को घेर कर बेहतरीन ढंग से सैकड़ो दोपहिया वाहन खड़े रहते हैं। इससे यात्री बसों एवं वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है । बीते वर्ष इसी स्थान पर वाहन चालक को बचाने के प्रयास में असंतुलित होकर ट्रक पलट गया था जिसमें भीषण आग लग गई थी। इस चौराहे से चंद कदमों की दूरी पर थाना है थाने के अधिकारी आरक्षक इसी चाय की दुकान पर दिन में कई बार चाय पीने आते हैं परंतु उन्हें बेतरतीब खड़े वाहन और चौराहों पर लगने वाले जाम से कोई सरोकार नहीं रहता।

थाने से कर्मा पेट्रोल पंप के बीच के फुटपाथ पर निजी चार पहिया वाहनों एवं भारवाहनों के साथ लोहे की पेटियों का अतिक्रमण होने से वाहन चालकों के वाहनों की क्रॉसिंग में दुर्घटना की प्रबल संभावना रहती है। चिंतामन चौराहे से बक्तरा रोड के हालात और भी बत्तर हैं चौराहे से लेकर बिजली घर तक रोड पर अतिक्रमण से यात्री बसों की आवाजाही में परेशानी होती है।

# जीवन में संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान कराता राजयोगः मोहिनी दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी



ब्रम्हकुमारी प्रजापिता ईश्वरीय विश्व विद्यालय के सिलवानी सेवा केंद्र में योग कार्यक्रम आयोजित किया। यहा पर ब्रह्माकुमारी मोहिनी दीदी ने कहा कि शारीरिक एक्सरसाइज एवं आसानए प्राणायाम के द्वारा निश्चय रूप से शरीर को स्वस्थ रखने में मदद मिलती है, लेकिन राजयोग जीवन में संपूर्ण स्वास्थ्य प्रदान करता है।

वर्तमान समय प्रदूषित वायुमंडल एवं भागमभाग जिंदगी में मनुष्य तनाव एवं अनेक मनोरोगों से ग्रस्त है। इन सब मनोरोगों से निजात दिलाने मन को स्वस्थ और शक्तिशाली बनाने के लिए राजयोग मेडिटेशन एक कारगर उपाय है, यह हमारी एक सकारात्मक जीवन शैली भी है। संपूर्ण स्वास्थ्य तन और मन दोनों से माना जाता है। तन के स्वास्थ्य के लिए व्यायाम, प्राणायाम है और मन के स्वास्थ्य के लिए राजयोग मेडिटेशन, तो व्यायाम प्राणायाम के साथ साथ राजयोग का अभ्यास ही संपूर्ण स्वस्थ प्रदान करने में सहयोगी है। प्राचीन राजयोग सभी योगों का राजा है। राजयोग करने से हमारे जीवन में कार्य करने में कुशलता आती है एवं विचारों का शुद्धिकरण होता है। विचारों की शुद्धिकरण के लिए पहले विचारों, संकल्पों पर ध्यान देना होगा।

**सार्वजनिक - सूचना**

(ग्राम नवावपुर तहसील व जिला रायसेन स्थित ख. क्र.4/1 रकवा 0.910 हैक्टेयर एवं ख.क्र. 4/2 रकवा 0.955 हैक्टेयर के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमति सुमन सोनी w/o श्री आशीष सोनी निवासी रायसेन द्वारा ख.क्र. 4/1 रकवा 0.910 है. भूमि मो० शब्बीर आ० मो० खालिद के एकल स्वत्व स्वामित्व आधिपत्य एवं ख.क्र. 4/2 रकवा 0.955 हैक्टेयर मो. राशिद आ. मो. खालिद के एकल स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम नवावपुर तहसील व जिला रायसेन की क्रय करने विक्रेतागण से विक्रय अनुबंध निष्पादित कर वयाना राशि का भुगतान कर दिया है तथा मात्र विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन होना शेष रह गया है। उपरोक्त विक्रय संव्यवहार को लेकर किसी व्यक्ति संस्था बैंक शासकीय अर्ध शासकीय संस्था प्राइवेट संस्था या किसी अन्य विभाग को कोई आपत्ति हो तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस मे दस्तावेजी प्रमाण के साथ मेरे कार्यालय मे आकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा उक्त अवधि के अवसान के वाद मेरा पक्षकार शेष विक्रय प्रतिफल राशि का भुगतान विक्रेतागण को कर, उक्त भूमि का विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराने के लिये स्वतंत्र रहेगा तथा पश्चात मे कोई भी प्रस्तुत आपत्ति मान्य नही होगी व प्रभाव शून्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

भवदीय
ऐडवोकेट रामबाबू शर्मा